## रुपया बढ़त पर बंद

मुम्बई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज भारतीय रुपय तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 95.72 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ खुला और अपने ऑल-टाइम लो (सर्वकालिक निचले स्तर) पर पहुंच गया। रुपया सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे टूटकर 95.86 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर खुला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 95.74 पर खुला और बाद में और गिरकर 95.86 के स्तर तक आ गया। वहीं बुधवार को रुपया 95.75 पर बंदु हुआ था।

## दूध हुआ महंगा- अमूल, मदर डेयरी और पराग ने बढ़ाए दाम, जनता में आक्रोश

नई दिल्ली। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के बाद अब लोगों को दूध की महंगाई का भी सामना करना पड़ रहा है। देश की प्रमुख दूध कंपनियों जैसे अमूल, मदर डेयरी और पराग ने अपने दूध के दामों में करीब 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। अमूल की नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी हैं, जबकि पराग की बढ़ी हुई दरें 15 मई से प्रभावी होने की संभावना है। इस मूल्य वृद्धि को लेकर वाराणसी सहित देश के कई हिस्सों में आम लोगों के बीच गहरी नाराजगी देखने को मिली है।

## अमेरिका कंपनियों से बोले शी, चीन में काम करने के बड़े मौके आपके सामने

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी कंपनियों के लिए देश में और भी बड़े अवसर पैदा होने का भरोसा दिलाया है। यह बयान उन्होंने बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी ऐतिहासिक मुलाकात के दौरान अमेरिकी अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं से मुलाकात करने के दौरान दिया। ट्रंप के साथ टेस्ला के एलन मस्क, एप्पल के टिम कुक और एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग जैसे दिग्गज बिजनेस लीडर्स का एक बड़ा दल भी बीजिंग पहुंचा था। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने कहा, चीन के खुलने का दरवाजा और भी बड़ा होता जाएगा। चीन, अमेरिका के साथ आपसी फायदे वाले सहयोग को मजबूत करने का स्वागत करता है।

## कुछ निवेशक ने पत्रकारिता की गुणवत्ता और दायरा बढ़ाने में किया निवेश

नई दिल्ली। डेविड फ्रैंकल निर्देशित फिल्म 'द डेविल वेअर्स प्राडा 2' फैशन की दुनिया के बारे में नहीं बल्कि पत्रकारिता की रवायत को बचाने से जुड़ी है। सुपरहिट फिल्म का सीक्वल, जिसकी कहानी फैशन की दुनिया पर आधारित थी, तथ्यों और लोगों तक अनकही कहानियां पहुंचाने के माध्यम की स्तुति है। फिल्म की एक किरदार, ऐंडी सैक्स इस फिल्म में एक फैशन पत्रिका, 'रनवे' में संपादक के रूप में नजर आई।

# सरकार अब ई25 फ्यूल पर दे रही जोर
# नियमों में होंगे बड़े बदलाव

### ये नियम अप्रैल 2027 से लागू होंगे और अगले पांच साल तक प्रभावी रहेंगे




नई दिल्ली। सरकार गाड़ियों के लिए बनने वाले नए कैफे-3 नियमों में एक और बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब इन नियमों में ई20 की जगह ई25 फ्यूल को आधार बनाया जा सकता है। मतलब आने वाले कुछ सालों में देश की ज्यादातर गाड़ियां ई25 पेट्रोल से चलेंगी, इसलिए नए नियम भी उसी हिसाब से बनाए जाएं। कैफे नियम यह तय करते हैं कि किसी ऑटो कंपनी की गाड़ियों से कितना कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन हो सकता है। ये नियम अप्रैल 2027 से लागू होने वाले हैं और अगले पांच साल तक प्रभावी रहेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक अभी देश में ई20 पेट्रोल इस्तेमाल हो रहा है यानी पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल मिलाया जाता है। अब सरकार ई25 अपनाना चाहती है, जिसमें एथेनॉल 25 फीसदी होगा। एथेनॉल गन्ने और अनाज से भारत में ही बनाया जाता है। सरकार का मानना है कि अगर पेट्रोल में ज्यादा एथेनॉल मिलाया जाएगा तो कच्चे तेल के आयात पर खर्च कम होगा और विदेशी तेल पर निर्भरता भी घटेगी। पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित होने से पूरी दुनिया में तेल की कीमतों पर असर पड़ा। इसके बाद भारत सरकार के अलग-अलग विभागों ने ऑटो कंपनियों के साथ बातचीत शुरू की कि ई20 से आगे बढ़कर जल्द ई25 पर कैसे जाया जाए। सरकार को लगता है कि ज्यादा एथेनॉल इस्तेमाल करने से तेल आयात का बोझ कम किया जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) अब कैफे-3 के ड्राफ्ट में बदलाव कर सकता है। अभी तक जो टेस्ट और गणना ई20 फ्यूल के आधार पर हो रही थी, उसे अब ई25 के हिसाब से तैयार किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि जब आने वाले सालों में गाड़ियां ई25 पर चलेंगी, तो फिर पुराने ई20 फॉर्मूले पर नियम बनाने का कोई मतलब नहीं है। ऑटो कंपनियां काफी समय से सरकार से कह रही हैं कि कैफे-3 नियमों को जल्द अंतिम रूप दिया जाए। कंपनियों का कहना है कि नए नियम साफ होने के बाद ही वे नई गाड़ियों, इंजन तकनीक और निवेश की योजना बना पाएंगी। गाड़ियों की टेस्टिंग में इस्तेमाल होने वाला फ्यूल बहुत अहम होता है क्योंकि उसके आधार पर कार्बन उत्सर्जन मापा जाता है। एथेनॉल में सामान्य पेट्रोल के मुकाबले कार्बन कम होता है। इसलिए अगर पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा बढ़ती है, तो गाड़ियों से निकलने वाला कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन भी बदल जाता है। यही वजह है कि सरकार अब नए कैफे-3 नियमों में ई25 फ्यूल को आधार बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

# केंद्र से आया आदेश और धड़ाम हो गए चीनी कंपनियों के शेयर



मुंबई । गुरुवार को चीनी बेचने वाली कंपनियों के शेयरों की कीमतों में गिरावट देखी गई है। बलरामपुर चीनी मिल्स और धामपुर शुगर मिल्स के शेयरों में गुरुवार को 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। बता दें, भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक प्रतिबंध किया गया है।

मोदी सरकार के प्रतिबंध लगाने के बाद बलरामपुर चीनी का शेयर 4.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 525 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर पहुंच गया। वहीं, धामपुर के शेयर 4 प्रतिशत तक की गिरावट के बाद 147.55 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज के शेयर 3 प्रतिशत की गिरावट के बाद 354 रुपये और श्री रेणुका और ईआईडी पेरी के शेयरों में 2-2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

डीजीएफटी ने कहा, ÷कच्ची चीनी, सफेद चीनी और परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को प्रतिबंधित श्रेणी से बदलकर निषिद्ध श्रेणी में तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कर दिया गया है।÷

भारत ने तब यह फैसला लिया है, जब दुनिया में सबसे अधिक चीनी का उत्पादन करने वाला देश ब्राजील ने अपनी चीनी मिल्स को 1.59 मिलियन मैट्रिक टन एक्सपोर्ट करने को कहा है। देश के अंदर चीनी की खपत से ज्यादा उत्पादन होने के बाद यह फैसला हुआ है।वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में कुल 275 लाख टन चीनी के उत्पादन की उम्मीद है। 50 लाख टन के ओपनिंग स्टॉक को अगर मिला लें, तब यह कुल 325 लाख टन तक पहुंच गया। घरेलू स्तर पर भारत की कुल खपत 280 लाख टन है। यानी इसके बाद करीब 45 लाख टन चीनी बचेगी।

जोकि 2016-17 के बाद का सबसे न्यूनतम स्तर है। बता दें, 2016-17 के दौरान चीनी की इंवेंट्री 39-40 लाख टन तक आई थी। मोदी सरकार अगले गन्ने के सीजन को लेकर भी चिंतित है। बारिश कम होने की वजह से इसका भी प्रोडक्शन घट सकता है। बता दें, अल-नीनो के प्रभाव की वजह से इस बार मानसून में कम बारिश की उम्मीद है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 789, निफ्टी 277 अंक उछला




मुम्बई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक बढ़कर 75398.72 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 277 अंक उछलकर 23689.60 के स्तर पर बंद हुआ।

आज लगातार दूसरे दिन बाजार में तेजी रही। कारोबार के दौरान दूरसंचार, फार्मा और निजी बैंकिंग शेयरों में में उछाल आया । सेंसेक्स शेयरों में, भारती एयरटेल सबसे बड़ा लाभ कमाने वाला शेयर रहा, जिसके शेयरों में 5 फीसदी से अधिक की तेजी आई। वहीं एटरनल के शेयरों में 3.32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 2.67 फीसदी की बढ़त हुई, जिससे सेंसेक्स में सबसे अधिक लाभ इन्हीं शेयरों के कारण हुआ। . अदानी पोर्ट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर भी उछले। दूसरी ओर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर नीचे आये। इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ खुले। सुबह बाजार खुलते ही बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा ऊपर आया जबकि निफ्टी 23,500 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। सुबह सेंसेक्स 338 अंक बढ़कर 74,947.12 पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 118 अंक उछलकर 23,530 पर पहुंच गया। वहीं आज एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स करीब 0.47 फीसदी उछला जबकि हांगकांग का हैंग सेंग लगभग 1 फीसदी बढ़ा।

# समय के साथ भारत ने आईएलओ के 47 समझौतों और एक प्रोटोकॉल को किया मंजूर



नई दिल्ली। कर्नाटक ने 2023 में कारखाना श्रमिकों के लिए 12 घंटे की शिफ्ट की अनुमति दी तब ट्रेड यूनियनों ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में तर्क दिया कि यह बदलाव भारत की उस प्रतिबद्धता का उल्लंघन है जो उसने आईएलओ के काम के घंटे समझौते 1919 के तहत जताई थी। इसके तहत श्रमिकों को अधिकतम प्रतिदिन आठ घंटे और प्रति सप्ताह 48 घंटे काम करने का प्रावधान है। इस प्रकार जो बहस घरेलू स्तर पर उत्पादकता, वेतन और श्रमिकों की पसंद के बीच संतुलन पर होनी चाहिए थी वह एक अंतरराष्ट्रीय मामले में बदल गई।

यह अपनी तरह की कोई इकलौती घटना नहीं है। यह एक सदी पहले लिए गए फैसला का परिणाम है। भारत ने काम के घंटों को लेकर खुद को आईएलओ के नियमों के सबसे हस्तक्षेपकारी हिस्से से आबद्ध कर लिया था। भारत आईएलओ का संस्थापक सदस्य है और वह 1922 से ही उसकी संचालन संस्था का स्थायी सदस्य रहा है। समय के साथ हमने आईएलओ के 47 समझौतों और एक प्रोटोकॉल को मंजूर किया। इनमें से 39 अभी तक जारी हैं।

यह समस्या उतनी गंभीर नहीं होती यदि यह समझौता सार्वभौमिक सहमति को दर्शाता। आईएलओ के 187 सदस्य देशों में से केवल 52 ने सी001 को अनुमोदित किया है और केवल 30 ने इसके साथ जुड़े काम के घंटे समझौते, 1930 (सी030) को अनुमोदित किया है। प्रमुख विनिर्माण शक्तियों जैसे अमेरिका, जर्मनी, चीन, दक्षिण कोरिया और वियतनाम ने सी001 को अनुमोदित नहीं किया है। वहीं न्यूजीलैंड ने विपरीत रास्ता अपनाया। कई दशकों तक इस संधि का पालन करने के बाद उसने इसे नामंजूर कर दिया और अब कार्य समय को राष्ट्रीय कानून और सामूहिक सौदेबाजी के जरिए नियंत्रित करता है।

भारत एक बड़ा, औद्योगीकरण की प्रक्रिया में शामिल श्रम-संपन्न अर्थतंत्र है जिसने स्वयं को 1919 के युग की कार्य समय संधि के अधीन कर लिया है, जिसे इसके अधिकांश निर्यात प्रतिस्पर्धियों ने टाल दिया है। केवल कार्य समय ही नहीं, बल्कि भारत ने अपनी 47 अनुमोदित संधियों के साथ अन्य बड़े विनिर्माण देशों की तुलना में कहीं ज्यादा सक्रियता दिखाई है।

# एसयूवी कुशाक का फेसलिफ्टेड संस्करण लांच




नई दिल्ली । भारतीय बाजार में स्कोडा ने अपनी लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी कुशाक का फेसलिफ्टेड संस्करण उतार दिया है। एसयूवी कुशाक के इस अपडेटेड मॉडल में कई कॉस्मेटिक बदलावों के साथ-साथ आधुनिक फीचर्स भी जोड़े गए हैं।

एसयूवी के फ्रंट में नया ग्रिल, बंपर और बेहतर लाइटिंग डिज़ाइन दिया गया है। सभी वेरिएंट्स में अब फ्रंट पार्किंग सेंसर और अलॉय व्हील्स भी मानक के तौर पर उपलब्ध हैं। पिछले हिस्से में कनेक्टेड लाइटें, एक नया बंपर और सीक्वेंशियल इंडिकेटर इसके स्टाइलिश लुक को और बढ़ाते हैं। इंटीरियर में ड्यूल-टोन थीम, 10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, पैनोरमिक सनरूफ, एंबिएंट लाइटिंग और फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें जैसी सुविधाएं मिलती हैं। लंबी यात्राओं के लिए रियर सीटों पर मसाज फीचर, वायरलेस चार्जर और कई चार्जिंग पोर्ट्स इसे और सुविधाजनक बनाते हैं। इसमें 385 लीटर से लेकर 1405 लीटर तक का बूट स्पेस भी मिलता है।

बेहतर ड्राइविंग अनुभव और प्रीमियम फीचर्स के साथ, नई स्कोडा कुशाक फेसलिफ्ट भारतीय ग्राहकों के लिए एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी विकल्प बनकर उभरी है। सुरक्षा के मोर्चे पर, नई कुशाक को छह एयरबैग, एबीएस, ईबीडी, ट्रैक्शन कंट्रोल, ईएससी, हिल होल्ड कंट्रोल और रियर पार्किंग कैमरा जैसे कई फीचर्स के साथ मजबूत बनाया गया है। हालांकि इसमें एडीएएस तकनीक का अभाव है, कंपनी ने अन्य आवश्यक सुरक्षा सुविधाओं को सुनिश्चित किया है।

# एमपीवी अर्टिगा ने दर्ज की सबसे ज्यादा बिक्री




नई दिल्ली। मारुति सुजुकी की लोकप्रिय एमपीवी अर्टिगा ने सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। अप्रैल महीने के जारी किए बिक्री आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अर्टिगा की कुल 19,063 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाती है।

भारतीय बाजार में बड़े परिवारों के बीच सात सीटों वाली कारों की मांग लगातार बढ़ रही है। अपने बेहतर बजट और माइलेज के संतुलन के कारण, अर्टिगा भारतीय परिवारों की पहली पसंद बनी हुई है। सात सीटों वाली कारों की बिक्री में दूसरे स्थान पर महिंद्रा स्कॉर्पियो रही, जिसकी अप्रैल में 14,719 यूनिट्स बिकीं। हालांकि इसकी बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई है, लेकिन इसकी लोकप्रियता ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बनी हुई है। तीसरे नंबर पर टोयोटा इनोवा ने अपनी जगह बनाई, जिसकी अप्रैल में 9,630 यूनिट्स की बिक्री हुई।

इनोवा की बिक्री में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो प्रीमियम एमपीवी सेगमेंट में इसकी मजबूत स्थिति को बरकरार रखती है। इस सूची में महिंद्रा बोलेरो भी प्रमुखता से शामिल रही, जिसकी अप्रैल में 8,917 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल की तुलना में 6.4 प्रतिशत अधिक है। वहीं, महिंद्रा एक्सयूवी700 और एक्सयूवी7एक्सओ ने मिलकर कुल 8,630 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें 26 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

# पश्चिम एशिया का संकट अब भारतीय बाजारों पर भी, बढ़ सकती है महंगाई

### भारत के लिए कच्चा तेल और सोना सबसे बड़े आयात, अर्थव्यवस्था पर असर



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब भारतीय बाजारों पर भी दिखाई देने लगा है। होर्मुज के आसपास शिपिंग प्रतिबंधों और सप्लाई में रुकावट के चलते कच्चे तेल की कीमतों में तेज आई है। कई देशों में इसका असर ईंधन की कीमतों पर साफ नजर आ रहा है, जबकि भारत ने फिलहाल इस दबाव को कुछ समय तक अपने स्तर पर संभाला है। हालांकि राज्य चुनाव खत्म होने के बाद अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का असर ग्राहकों तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे महंगाई बढ़ने का खतरा है।

रिपोर्ट के मुताबिक टाटा म्युचुअल फंड ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा है कि भारत के लिए कच्चा तेल और सोना सबसे बड़े आयात हैं। अगर कच्चे तेल की कीमतों में करीब 50 फीसदी की तेजी लंबे समय तक बनी रही तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

अनुमान के मुताबिक कच्चे तेल में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी से उपभोक्ता महंगाई दर में करीब 45 बेसिस पॉइंट की वृद्धि हो सकती है। साथ ही चालू खाता घाटा भी 30 से 40 बेसिस पॉइंट तक बढ़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक महंगे कच्चे तेल का असर भारत के निर्यात और खाड़ी देशों से आने वाले रेमिटेंस पर भी पड़ सकता है।

डॉलर के मुकाबले रुपया 95 के स्तर के पार जा चुका है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार और भुगतान संतुलन पर दबाव बढ़ने की आशंका है। अगर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर पर करीब 1 फीसदी का नकारात्मक असर पड़ेगा। वहीं चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 5 फीसदी के करीब पहुंच सकती है।


# डॉलर के मुकाबले क्यों टूट रहा रुपया.........जाने कारण

मुंबई। भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है, गुरुवार को शुरुआती कारोबार में यह 20 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा दिन है जब रुपए ने डॉलर के मुकाबले नया रिकॉर्ड निचला स्तर छुआ है। बीते तीन दिनों में रुपए में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो घरेलू मुद्रा पर बढ़ते दबाव को दिखाता है। बुधवार को यह 95.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण हैं, जिसमें कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संकट और अमेरिकी डॉलर की मजबूती शामिल हैं। इन कारकों के चलते, रुपया इस साल एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है, जिसमें अब तक छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.74 प्रति डॉलर पर खुला और जल्द ही निचले स्तर पर पहुंच गया।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत आयात करता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव (जिसे लेख में ईरान युद्ध से जोड़ा गया है) के कारण अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 106.10 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है, और कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इससे भारत का आयात बिल बढ़ने और देश के व्यापार घाटे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भी भारतीय बाजारों से पूंजी निकाल रहे हैं, बुधवार को उन्होंने 4,703.15 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री की है। जिससे रुपए पर और दबाव बढ़ा।

# सोने पर बढ़ी इंपोर्ट ड्यूटी से बड़ा उलटफेरः घटती मांग, बढ़ती तस्करी

### पुराना सोना बदलकर नया खरीदने का चलन बढ़ेगा



नई दिल्ली। भारत में सोना केवल एक आभूषण नहीं, बल्कि सुरक्षा, निवेश और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता रहा है। लेकिन मोदी सरकार द्वारा सोने पर बढ़ाई गई इंपोर्ट ड्यूटी ने अब इस कीमती धातु के पूरे गणित को बदल दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से न केवल सोने की मांग में 10 से 15 प्रतिशत तक की गिरावट आएगी, बल्कि बाजार में एक बड़ा बदलाव दिखाई देगा। अनुमान के मुताबिक, भारतीय घरों और धार्मिक संस्थानों में करीब 25,000 टन सोना पड़ा हुआ है। इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने के कारण जब सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचेंगी, तब पुराने सोने को बेचने या बदलने की होड़ मच सकती है। लोग नए गहने खरीदने के बजाय पुराने गहनों को बदलकर नए डिजाइन बनवाना पसंद कर सकते हैं, या बढ़ी हुई कीमत पर सोना बेचकर नकदी जुटाएंगे। ज्वेलर्स के चेयरमैन के अनुसार, ऊंची कीमतों का फायदा उठाने के लिए लोग पुराने गहने बाजार में लाएंगे, जिससे रीसाइक्लिंग ब?गी। एक रिपोर्ट के अनुसार, एक बड़े के चेयरमैन का कहना है कि आने वाले समय में पुराना सोना बदलकर नया खरीदना (गोल्ड एक्सचेंज) संगठित ज्वेलरी बाजार में खरीदारी का सबसे प्रमुख तरीका बन जाएगा, जिसका चलन बड़े रिटेलर्स के लिए वर्तमान में ही लगभग 50 प्रतिशत बिक्री का स्रोत है।

इस बीच, इंडस्ट्री के दिग्गज तस्करी ब?ने की चेतावनी दे रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन सुरेंद्र मेहता ने चिंता जाहिर की है कि ड्यूटी बढ़ने से गैरकानूनी रास्तों से सोना देश में आने की संभावना ब? जाती है। अतीत में भी जब शुल्क ऊंचा था, तब सालाना 100-120 टन सोना तस्करी के जरिए भारत आता था।

## रूसी हमले में अब तक 6 की मौत, दर्जनों घायल

कीव। वैश्विक स्तर पर रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए शांति वार्ताओं की चर्चाओं के बीच, रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे भीषण हमला किया है। मॉस्को ने करीब 800 ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 6 लोगों की दर्दनाक मौत हुई और दर्जनों घायल हुए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले को बीते चार वर्षों में रूस द्वारा किया गया सबसे लंबा और बड़ा हमला बताया है। यह व्यापक हमला सुबह शुरू हुआ और राजधानी कीव, पोलैंड के पास पश्चिमी शहर ल्वीव, काला सागर पर स्थित बंदरगाह शहर ओडेसा सहित कई आबादी वाले इलाकों में घंटों तक होता रहा। जेलेंस्की ने बताया कि रूस का साफ मकसद यूक्रेन की हवाई सुरक्षा प्रणाली पर इतना दबाव डालना है कि वह इन हमलों को संभाल न पाए।

## ब्रिटेन में भारतीय ट्रांसजेंडर छात्र बना स्कॉटलैंड का सांसद

लंदन। ब्रिटेन से हाल के दिनों में सामने आई दो विपरीत खबरों ने वैश्विक राजनीति और सामाजिक ढांचे को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। इस नीतिगत बदलाव का सबसे सुखद परिणाम भारतीय छात्र क्यू मणिवन्नन की जीत के रूप में सामने आया है। मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले मणिवन्नन यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट ऐंड्रूज से पीएचडी कर रहे थे। स्कॉटिश ग्रीन्स पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि छात्र वीजा पर रहते हुए सांसद बनने वाले पहले भारतीय और ट्रांसजेंडर प्रतिनिधि बनकर इतिहास रच दिया।

## दक्षिण कोरिया की मिसाइल ने बढ़ाई चीन, अमेरिका की टेंशन

सियोल। प्रशांत महासागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में अमेरिका और चीन के बीच जारी वर्चस्व की जंग अब आसमान के उस छोर पर पहुंच गई है, जहां जीत का फैसला मिसाइलों की रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से होगा। इसी महाशक्ति संघर्ष के बीच दक्षिण कोरिया ने अपनी रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के माध्यम से एक ऐसा दांव चला है, जिसने वैश्विक रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। दक्षिण कोरिया द्वारा विकसित की जा रही लॉन्ग रेंज एयर टू एयर मिसाइल केवल एक हथियार नहीं, बल्कि उस एशियाई चक्रव्यूह का जवाब है जिसने अब तक पश्चिमी तकनीक पर निर्भरता बनाए रखी थी।

## अमेरिका को करीब 29 अरब डॉलर का भारी-भरकम खर्च उठाना पड़ा

वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और तनावपूर्ण युद्धविराम के बीच वैश्विक राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

एक ओर जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान के मुद्दे और व्यापारिक रिश्तों पर चर्चा के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर इस युद्ध की बढ़ती आर्थिक कीमत ने अमेरिका के भीतर चिंता की लहर पैदा कर दी है।

### ट्रंप की बीजिंग यात्रा के बीच अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में दावा ईरान को चीनी हथियारों की

# गुप्त सप्लाई से मचा हड़कंप




वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीजिंग यात्रा और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी महत्वपूर्ण मुलाकात से ठीक पहले एक गोपनीय अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में उबाल ला दिया है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन की कुछ कंपनियां तीसरे देशों के रास्ते ईरान तक घातक हथियार पहुंचाने की गुप्त योजना पर काम कर रही हैं। वॉशिंगटन के गलियारों में चर्चा है कि यह खुलासा ट्रंप के चीन दौरे के बीच अमेरिका के लिए एक बड़ा रणनीतिक झटका साबित हो सकता है।

खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, चीनी कंपनियां इस बात पर विचार कर रही थीं कि हथियारों की खेप को सीधे चीन से भेजने के बजाय किसी अन्य देश के माध्यम से रूट किया जाए, ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और सीधे आरोपों से बचा जा सके। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों के बीच इस बात को लेकर मतभेद हैं कि हथियारों की वास्तविक सप्लाई शुरू हो चुकी है या यह केवल बातचीत के स्तर पर है।

फिर भी, इस संभावना ने अमेरिका की चिंताएं ब?ा दी हैं, क्योंकि उसे डर है कि ईरान सीजफायर की आ? में अपनी सैन्य शक्ति को दोबारा संगठित करने के लिए चीन की परोक्ष मदद ले रहा है। अमेरिकी रणनीतिकारों का मानना है कि इतनी संवेदनशील हथियार डील बीजिंग के शीर्ष नेतृत्व की जानकारी के बिना संभव नहीं है। इससे पहले अप्रैल में भी ऐसी खबरें आई थीं कि चीन ने ईरान को पोर्टेबल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें (मैनपैड्स) उपलब्ध कराई थीं, जो ड्रोन और हेलिकॉप्टर गिराने में सक्षम हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने इस रिपोर्ट पर फिलहाल सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के मामले में अमेरिका को किसी की मदद की जरूरत नहीं है और वे अपने तरीके से जीत हासिल करेंगे।

ट्रंप ने यह संकेत दिया कि उनके इस दौरे का मुख्य केंद्र व्यापारिक समझौते ही रहेंगे। इस बीच, ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ मजबूत करना दुनिया के लिए सिरदर्द बना हुआ है। वैश्विक तेल आपूर्ति के इस मुख्य मार्ग पर नियंत्रण के जरिए ईरान न केवल सैन्य बल्कि अपनी आर्थिक ताकत भी ब?ाने में जुटा है। ईरान ने इराक और पाकिस्तान के साथ तेल परिवहन को लेकर नए समझौते किए हैं, जिससे उसे अपने तेल कारोबार से दोगुनी कमाई की उम्मीद है।

फिलहाल मध्य-पूर्व में लागू सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। अमेरिका जहां ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज पर उसके प्रभुत्व को खत्म करना चाहता है, वहीं ईरान प्रतिबंधों को हटाने की मांग पर अड़ा है। ऐसे में चीन दौरे के बीच आए इस नए खुलासे ने अमेरिका, चीन और ईरान के त्रिकोणीय समीकरणों को और अधिक जटिल और तनावपूर्ण बना दिया है।

# पाकिस्तानी एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान आया नजर, अमेरिका चिंतित

### चीन की सेटेलाइट कंपनी ने जारी की तस्वीर, दावा- ईरान का हो सकता है यह विमान




इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को लेकर बड़ा खुलासा अब सामने आया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। चीन की सेटेलाइट तस्वीर कंपनी ने एक ऐसी तस्वीर जारी की है, जिसमें एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान दिखाई दिया है। दावा किया जा रहा है कि यह विमान ईरान का हो सकता है। इस खबर के सामने आते ही अमेरिका समेत कई देशों में बहुत ज्यादा चिंता बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये तस्वीरें अप्रैल 2026 की है। पाकिस्तान के बेहद अहम नूर खान एयरबेस पर खड़ा एक ऐसा विमान दिख रहा है जिसका रंग और डि?ाइन पाकिस्तान एयरफोर्स के विमानों से बहुत अलग है। विमान पर रेगिस्तानी इलाके में इस्तेमाल होने वाला सैंड कैमोफ्ला? पेंट किया गया है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान आमतौर पर ग्रे रंग के सैन्य विमान इस्तेमाल करता है। जबकि यही खास पैटर्न ईरान की एयरफोर्स अपने सी130 विमानों में इस्तेमाल करती है।

यही वजह है कि अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान अपने एयरबेस में ईरानी सैन्य विमानों को छिपा कर रख रहा है। कुछ अमेरिकी रिपोर्ट्स में पहले भी आशंका जताई गई थी कि पाकिस्तान गुप्त रूप से ईरान को मदद पहुंचा रहा है और इसके विमानों को सुरक्षित जगह दे रहा है। इस पूरे मामले में इसलिए भी ज्यादा तूल पकड़ लिया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर हैं। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग की मुलाकात से पहले इन तस्वीरों का सामने आना बेहद अहम माना जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक माना जा रहा है कि चीन ने जानबूझकर यह तस्वीरें जारी की है ताकि पाकिस्तान की भूमिका दुनिया के सामने लाई जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह साबित हो जाता है कि पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी तो अमेरिका नाराज हो सकता है। पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक और सैन्य मदद के लिए अमेरिका पर निर्भर रहा है। ऐसे में यह खुलासा उसके लिए बहुत बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है। फिलहाल पाकिस्तान की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# पीएम मोदी की लोकप्रियता के मुरीद हुए यूरोपीय देश

### नॉर्डिक देशों को दी सीख लेने की सलाह



ओस्लो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी नॉर्वे यात्रा से पहले अंतरराष्ट्रीय मीडिया में उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता की जबरदस्त चर्चा हो रही है। नॉर्वे के प्रमुख व्यापारिक समाचार पत्र दागन्स नैरीङ्स्लिव ने एक विशेष लेख प्रकाशित कर प्रधानमंत्री मोदी की जमकर सराहना की है। अखबार ने उन्हें न केवल दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता बताया, बल्कि नॉर्डिक देशों के नेताओं को उनसे सीखने की सलाह भी दी है। यह लेख ऐसे समय में आया है जब 18 मई को प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे की महत्वपूर्ण यात्रा पर पहुंचने वाले हैं।अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे के राजा किंग हैरल्ड से मुलाकात करेंगे और भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। नॉर्वे के अखबार ने आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि जहां यूरोपीय देशों के अधिकांश नेताओं की घरेलू लोकप्रियता 30 प्रतिशत के आसपास सिमट जाती है, वहीं पीएम मोदी 70 प्रतिशत की रेटिंग के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद उनकी लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण भारत का तेज आर्थिक विकास और उनका व्यक्तिगत संघर्षपूर्ण जीवन है। अखबार ने उन्हें एक सेल्फ-मेड नेता बताते हुए कहा कि एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर वैश्विक मंच पर छा जाना उनकी असाधारण क्षमता को दर्शाता है। आर्थिक मोर्चे पर भी लेख में मोदी सरकार की उपलब्धियों का लोहा माना गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो कई विकसित देशों और चीन से भी तेज है। अनुमान जताया गया है कि यदि यही गति बनी रही तो वर्ष 2050 तक भारत विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके साथ ही ग्रीन एनर्जी, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के तीसरे स्थान पर पहुंचने की सराहना करते हुए इसे विकास और पर्यावरण के संतुलन का एक बेहतरीन मॉडल बताया गया है।

# चीन में ट्रंप का जोरदार स्वागत, सैन्य बैंड ने अमेरिका-चीन का राष्ट्रगान बजाया

### दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में करीब एक घंटे हुई बातचीत



बीजिंग। बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दौरे का आज पहला दिन रहा। सुबह ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप का स्वागत किया। रेड कार्पेट पर दोनों नेता साथ खड़े नजर आए, जहां सैन्य बैंड ने पहले अमेरिका और फिर चीन का राष्ट्रगान बजाया। इस दौरान दर्जनों बच्चे हाथों में झंडे और फूल लेकर स्वागत करते नजर आए, जिससे पूरे समारोह का माहौल खास बन गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्वागत के बाद दोनों नेता रेड कार्पेट वाली सीढ़ियां चढ़ते हुए ग्रेट हॉल के अंदर पहुंचे, जहां द्विपक्षीय बातचीत का दौर शुरू हुआ। बैठक में ट्रंप के साथ उनकी पूरी टीम मौजूद थी, जिसमें विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमीसन ग्रीयर और ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट शामिल हैं।

### ट्रंप को रिसीव करने नहीं पहुंचे जिनपिंग, ओबामा का किया था एयरपोर्ट पर वेलकम

बीजिंग। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को चीन पहुंचे। बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। यहां चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग ने उन्हें रिसीव किया। यह स्वागत साफ तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की पिछली 2017 यात्रा के मुकाबले ज्यादा हाई-प्रोफाइल माना जा रहा है। उस समय जहां एक स्टेट काउंसिलर स्तर के नेता ने उनका स्वागत किया था, वहीं इस बार उपराष्ट्रपति का एयरपोर्ट पर जाना अहम कूटनीतिक संकेत माना जा रहा है हालांकि इस पूरे स्वागत में एक चीज ने सबका ध्यान खींचा।

# ट्रंप के दावों के उलट ईरान की सैन्य शक्ति बरकरार

### अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में हुआ खुलासा



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिनमें वे ईरान की सैन्य ताकत को लगभग खत्म बता रहे थे। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की एक गुप्त रिपोर्ट (सीक्रेट असेसमेंट) में खुलासा हुआ है कि ईरान अब भी अपनी अधिकांश मिसाइल साइट्स और सैन्य ढांचे पर नियंत्रण बनाए हुए है। वहीं फिलहाल व्हाइट हाउस इन रिपोर्ट्स को भ्रामक बता रहा है, लेकिन खुफिया आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान अब भी पूरी तरह कमजोर नहीं पड़ा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने पर अमेरिकी हितों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास स्थित ईरान की 33 मिसाइल साइट्स में से 30 अब भी सक्रिय या आंशिक रूप से कार्य कर रही हैं। यह वही क्षेत्र है जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। खुफिया रिपोर्ट यह भी बताती है कि ईरान अपने 70 प्रतिशत मोबाइल मिसाइल लॉन्चर और लगभग 70 प्रतिशत प्री-वॉर मिसाइल स्टॉक को सुरक्षित रखने में सफल रहा है। इनमें वे बैलिस्टिक मिसाइलें भी शामिल हैं, जो पूरे मध्य पूर्व को निशाना बनाने में सक्षम हैं। इसके अलावा, ईरान के 90 प्रतिशत अंडरग्राउंड मिसाइल स्टोरेज और लॉन्च फैसिलिटी फिर से ऑपरेशनल मानी जा रही हैं।

### ट्रंप प्रशासन के दावों और हकीकत में अंतर

यह रिपोर्ट राष्ट्रपति ट्रंप और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बयानों के ठीक विपरीत है।

मार्च में ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान की जल, थल और नभ सेना पूरी तरह तबाह हो चुकी है। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि हमलों के दौरान बंकर-बस्टर हथियारों की सीमित संख्या के कारण कई भूमिगत ठिकानों के केवल प्रवेश द्वार बंद किए गए थे, जिससे ईरान का मुख्य ढांचा बच गया।

# बांग्लादेश का गंगा प्रोजेक्ट, बढ़ाएगा भारत की मुश्किलें?

### गंगा नदी पर 2.1 किमी लंबा बैराज बना रहा ढाका



ढाका। बांग्लादेश सरकार ने देश के गहराते जल संकट को दूर करने के लिए 2.8 अरब डॉलर की एक विशाल नदी परियोजना को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इस ऐतिहासिक कदम का मुख्य उद्देश्य पद्मा नदी (गंगा का विस्तार) पर 2.1 किलोमीटर लंबा बैराज बनाना है, जिसकी जल भंडारण क्षमता 2.9 अरब घन मीटर होगी। बांग्लादेश लंबे समय से अपने जल संकट के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता रहा है और अब इस संकट के समाधान के लिए उसने चीन की ओर हाथ बढ़ाया है, जिससे दक्षिण एशिया के समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं।

फरवरी 2026 में हुए आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार ने तीस्ता नदी प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना के लिए चीन से तकनीकी और वित्तीय सहयोग मांगा है। हाल ही में बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान ने बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की, जहां चीन ने इस परियोजना के लिए 1 अरब डॉलर की मदद देने और इसे बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत लागू करने का आश्वासन दिया। चीन की यह सक्रियता भारत के लिए सुरक्षा और भू-राजनीतिक दृष्टि से ब?ी चुनौती मानी जा रही है। तीस्ता नदी परियोजना स्थल भारत के रणनीतिक रूप से संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) से मात्र 100-130 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। 20-22 किलोमीटर चौड़ा यह संकरा गलियारा भारत की मुख्य भूमि को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को डर है कि इस परियोजना के बहाने चीन की इस क्षेत्र में भौतिक उपस्थिति बढ़ेगी, जिससे वह भारत के अहम चोकपॉइंट पर खुफिया निगरानी और सामरिक दबाव बनाने में सक्षम हो सकता है।इस परियोजना के तहत तीस्ता नदी की चौ?ाई कम कर गहराई ब?ाई जाएगी और तटबंधों का निर्माण कर 170 वर्ग किलोमीटर भूमि को कृषि व औद्योगिक उपयोग के लिए विकसित किया जाएगा। भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता जल बंटवारे का मुद्दा 2011 से लंबित है। भारत ने स्वयं इस क्षेत्र में तकनीकी सहायता का प्रस्ताव दिया था, लेकिन नई बांग्लादेशी सरकार का चीन की ओर झुकाव स्पष्ट दिख रहा है। चूंकि 1996 की गंगा जल संधि दिसंबर 2026 में समाप्त होने वाली है, विशेषज्ञों का मानना है कि बांग्लादेश इस मुद्दे पर चीन को शामिल कर भारत पर कूटनीतिक दबाव बनाने की रणनीति अपना रहा है।

# जासूसी मिशन के दौरान समुद्र में समाया दुनिया का सबसे बड़ा प्लेन

### बिना एक बूंद ईंधन के पूरी दुनिया का चक्कर लगाने का रिकॉर्ड



वॉशिंगटन। बिना एक बूंद ईंधन के पूरी दुनिया का चक्कर लगाकर इतिहास रचने वाले सौर ऊर्जा संचालित विमान सोलर इम्पल्स 2 का सफर अब हमेशा के लिए खत्म हो गया है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 4 मई को एक ऑटोनोमस (मानवरहित) उड़ान के दौरान बिजली की आपूर्ति ठप होने के कारण यह विमान मैक्सिको की खाड़ी में गिरकर नष्ट हो गया। कभी शांति और टिकाऊ ऊर्जा का प्रतीक माना जाने वाला यह विमान अब समुद्र की गहराइयों में दफन हो चुका है।

स्विस इंजीनियरों बर्टेंड पकार्ड और आंद्रे बोर्शबर्ग द्वारा निर्मित इस इंजीनियरिंग चमत्कार ने 2016 में पूरी दुनिया को तब हैरान कर दिया था, जब इसने केवल सूर्य की शक्ति के सहारे वैश्विक यात्रा पूरी की थी। हालांकि, इसका अंत काफी विवादास्पद रहा। साल 2019 में इसे स्काईड्वेलर एयरो नामक एक स्पेनिश-अमेरिकी कंपनी को बेच दिया गया था। नई कंपनी ने इस ऐतिहासिक विमान के उद्देश्य को पूरी तरह बदल दिया। इसे एक सैन्य निगरानी मशीन (मिलिट्री सर्विलांस ड्रोन) में तब्दील कर दिया गया, जिसमें रडार, जासूसी ऑप्टिक्स और फोन टैपिंग जैसे उपकरण लगाए गए थे।हादसे वाली रात यह विमान मिसिसिपी के स्टेनिस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक मानवरहित परीक्षण उड़ान पर था। कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित इस उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी के कारण विमान ने अपनी शक्ति खो दी और सीधे समुद्र में जा गिरा। विमान में कोई पायलट सवार नहीं था, इसलिए किसी भी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई। सोलर इम्पल्स 2 की विशेषताएं अद्वितीय थीं; इसका विंगस्पैन (पंखों का विस्तार) 232 फीट था, जो बोइंग 747 से भी बड़ा था, जबकि कार्बन फाइबर के उपयोग के कारण इसका वजन केवल 5,100 पाउंड था। इसके पंखों पर लगे 17,248 सौर सेल इसे 39,000 फीट की ऊंचाई तक उ?ने की शक्ति देते थे। विमान के मूल निर्माताओं ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# मां और बेटी दोनों के बच्चों का पिता बना युवक, छिडा विवाद



लंदन। हाल ही में सामने आये एक मामला ने लोगों को हैरान कर दिया है। लंदन में एक युवक ने मां और बेटी दोनों से संबंध बनाए और दोनों महिलाएं मां भी बन चुकी है। ये तीनों एक साथ रह रहे हैं। यह मामला प्रकाश में आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी बहस शुरू हो गई है। कुछ लोग इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला बता रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में लोग इसे नैतिक मूल्यों के खिलाफ मान रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, इस पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब बेटी ने उस शख्स से शादी की। शादी के कुछ समय बाद बेटी को महसूस हुआ कि उसकी मां अकेलेपन का सामना कर रही हैं। इसी वजह से उसने अपने पति को अपनी मां के करीब आने और उनके साथ समय बिताने की सलाह दी। शुरुआत में यह रिश्ता केवल दोस्ती तक सीमित था, लेकिन धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती गईं और रिश्ता शारीरिक संबंध तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि बाद में शख्स मां और बेटी दोनों के साथ रहने लगा। समय के साथ दोनों महिलाएं गर्भवती हुईं और अब दोनों बच्चों की मां बन चुकी हैं। फिलहाल तीनों एक ही घर में रह रहे हैं और शख्स दोनों महिलाओं तथा बच्चों की देखभाल कर रहा है। हालांकि यह मामला सामने आने के बाद समाज में इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हो रही है। बड़ी संख्या में लोगों ने इस रिश्ते को लेकर नाराजगी जाहिर की है। कई यूजर्स ने इसे +अस्वीकार्य+ और +नैतिक पतन÷ करार दिया है।

# इजरायल-यूएई के बीच गुप्त बैठक के दावे पर छिड़ा विवाद

### अमीरात ने कड़ाई से किया खंडन




अबू धाबी। पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इजरायल युद्ध के बीच एक नई कूटनीतिक हलचल ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दावा किया कि युद्ध के दौरान उनकी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के साथ एक गुप्त बैठक हुई थी। हालांकि, यूएई ने इस दावे को पूरी तरह निराधार बताते हुए इसका सख्त लहजे में खंडन किया है।

इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने 26 मार्च को गुप्त रूप से यूएई के अल ऐन शहर का दौरा किया था। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा और ईरान के साथ जारी संघर्ष पर घंटों रणनीतिक चर्चा हुई। इजरायल ने इसे रिश्तों में एक ऐतिहासिक सफलता के रूप में पेश किया।

इजरायल के इस दावे के तुरंत बाद यूएई के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर इसे खारिज कर दिया। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इजरायली प्रधानमंत्री की किसी भी गुप्त बैठक या यात्रा की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। यूएई ने जोर देकर कहा कि उसके इजरायल के साथ रिश्ते खुले और आधिकारिक हैं, न कि किसी गैर-पारदर्शी व्यवस्था पर आधारित। यूएई ने चेतावनी दी कि उसकी संबंधित एजेंसियों की आधिकारिक घोषणा के बिना ऐसे दावों को स्वीकार न किया जाए।

इस कूटनीतिक विवाद के बावजूद, कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स इशारा करती हैं कि पर्दे के पीछे दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग ब?ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेडी बरनेआ ने युद्ध के दौरान कई बार यूएई का दौरा किया था। इजरायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने भी एक चौंकाने वाला दावा किया कि ईरान के हमलों के दौरान इजरायल ने अपना आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम और सैन्य कर्मी यूएई की सुरक्षा के लिए वहां भेजे थे।

## आईपीएल में पिछले छह सत्र से असफल रहे हैं शाहरुख

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कुछ ऐसे भी खिलाड़ी रहे जो हर सत्र में असफल होने के बाद भी करोड़ों की कमाई करने में सफल रहे हैं। ऐसे ही एक खिलाड़ी है। तमिलनाडु की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले शाहरुख खान। पिछली छह आईपीएल सत्र में शाहरुख ने अलग-अलग फ्रैंचाइजियों की ओर से खेला है पर एक बार भी वह सफल नहीं हुए हैं। इस प्रकार देखा जाये तो पिछले छह सालों में फ्रेंचाइजी टीमों ने इस खिलाड़ी पर 38 करोड़ रुपये से अधिक लुटा दिये हैं पर परिणाम शून्य रहा है। बल्ले और गेंद से उनका प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है।

## मनीष पांडे ने पकड़ा असंभव सा कैच, विराट भी हुए हैरान

रायपुर। विराट कोहली की शानदार शतकीय पारी से आईपीएल के 57वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में हालांकि आकर्षण का केन्द्र केकेआर के मनीष पांडे रहे। मनीष ने एक असंभव सा कैच पकड़ा जिसकी विराट ने भी प्रशंसा की है। कैच को देखकर विराट भी हैरान नजर आये। वहीं प्रशंसक भी इस असंभव से कैच को देखकर दंग रह गये। यह मामला 18वें ओवर का है। तब केकेआर के गेंदबाज कार्तिक त्यागी की गेंद पर आरसीबी के टिम डेविड ने एक तेज शॉट लगाया।

## नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग में खेलना संदिग्ध

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अगले माह रोम में होने वाले डायमंड लीग भाला फेंक टूर्नामेंट में शायद ही खेल पायें। इसका कारण है कि नीरज अब तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबर पाये हैं। इसी कारण 4 जून को इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए शुरुआती सूची में नीरज का नाम शामिल नहीं है। नीरज अगर नहीं उतरते हैं तो ये प्रशंसकों के लिए निराशाजन होगा। नीरज पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से ही फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे। इसी कारण अभी वह तुर्की में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। अभी उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिटनपेस हासिल करना है।

## सीएसके के तेज गेंदबाज ओवरटन चोटिल होकर बाहर हुए

चेन्नई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले से ही अपने खिलाड़ियों की खराब फिटनेस से परेशान सीएसके का एक और खिलाड़ी चोटिल होकर बाहर हो गया है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन भी जांघ में खिंचाव के बाद स्वदेश लौट गए है। फ्रेंचाइजी ने ये जानकार सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है।

# सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी सीएसके




लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला करेगी। सुपर जायंट्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका प्रयास इस मैच में जीत के साथ ही अपने सत्र का समापन करना रहेगा। दूसरी ओर सीएसके के लिए ये मैच बेहद अहम है। उसे अपने प्लेऑफ की उम्मीदें बनाये रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा। सीएसके के अभी 11 मैचों में 12 अंक लेकर 5वें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने सभी बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें से तीन सुपर जायंट्स ने जबकि इतने ही सीएसके ने जीते हैं। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सीएसके के पास संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज हैं। सैमसन ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और सीएसक को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। टीम के पास गेंदबाजी में अंशुल कंबोज के अलावा नूर अहमद जैसे स्पिनर है। टीम को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो सीएसके जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है।

वहीं ऋषभ पंत की कप्तानी में उतर रही सुपर जायंट्स का प्रदर्शन सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल तीन मैच जीतकर 6 अंक हासिल कर पायी है। टीम में निरंतरता की कमी नजर आयी है।

उसकी बल्लेबाजी बेहद खराब रही है। गेंदबाजी में केवल युवा प्रिंस यादव ही प्रभावित कर पाये हैं। अन्य गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा है। यहां तक की अनुभवी मोहम्मद शमी भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं लखनऊ सुपर जायंट्स- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, अक्षत रघुवंशी, हिम्मत सिंह, शाहबाज अहमद, मोहम्मद शमी, दिग्वेश सिंह राठी, प्रिंस यादव

इम्पैक्ट प्लेयर- आवेश खान

चेन्नई सुपर किंग्स- रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान) संजू सैमसन (विकेटकीपर), (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, अकील होसेन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, मैट हेनरी/स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी

इम्पैक्ट प्लेयर- प्रशांत वीर

# आरसीबी से हार के साथ ही केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उमीदें समाप्त हुईं



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में अच्छा नहीं रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 11 वें मुकाबले में हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में पहुंची की बची हुई संभावनाएं भी समाप्त हो गयी हैं। केकेआर अभी टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर फिसल गयी है। अभी के हलातों को देखते हुए केकेआर की कोई संभावना नहीं बची है।

टीम ने अब तक खेले गए 11 मैचों में से चार जीते हैं और एक का परिणाम नहीं निकला। इस प्रकार उसके केवल 9 अंक हैं। वहीं लीग स्तर में अब उसे केवल तीन मैच खेलने हैं। वहीं प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कुल 16 अंकों की जरूरत होती है। केवल कुछ अवसरों पर ही 14 अंक में प्लेऑफ की संभावना बन सकती है पर ये तभी होगा जब शीर्ष चार टीमों में से कोई भी 16 अंक तक न पहुंचे। केकेआर अपने बचे हुए तीनों मैच जीत भी लेती है, तो उनके कुल अंक केवल 15 ही हो पाएंगे। यह आंकड़ा प्लेऑफ की दौड़ में शामिल कई अन्य टीमों के संभावित अंकों से काफी कम है।

केकेआर के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंक तालिका में उनसे ऊपर मौजूद टीमों का प्रदर्शन है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के पहले ही 16-16 अंक हो गये हैं। इनके अलावा, सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और उसे अभी दो मैच खेलने हैं। दोनों मैच जीतने पर वह 18 अंकों तक पहुंच सकती है। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और उसके पास तीन मैच बचे हैं, जिससे वह 19 अंकों तक जा सकती है। इसी तरह, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स भी दौड़ में बनी हुई हैं। दोनों टीमों के पास 12-12 अंक हैं और उन्हें अभी तीन-तीन मैच खेलने हैं। ये दोनों टीमें भी अपने सभी बचे हुए मैच जीतकर 18 अंकों के आंकड़े तक पहुंच सकती हैं। दिल्ली कैपिटल्स भी इस दौड़ में शामिल है पर उसे भी हर मैच जीतना होगा। इससे साफ है कि केकेआर, अपने अधिकतम 15 अंकों के साथ, इन प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच टिके नहीं रह सकती।

# मेसी के अच्छे प्रदर्शन से इंटर मियामी ने सिनसिनाटी को 5-3 से हराया



सिनसिनाटी। कप्तान लियोनेल मेसी के दो गोल की सहायता से इंटर मियामी सीएफ ने एफसी सिनसिनाटी को 5-3 से हरा दिया। इस रोमांचक जीत के साथ ही इंटर मियामी ने एमएलएस रेगुलर सीजन के शुरुआती नौ मुकाबलों में सबसे अधिक क 22 अंक हासिल करने के एफसी सिनसिनाटी (2024) के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

इस मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मियामी ने 24वें मिनट में मेसी के गोल से बढ़त हासिल की। यह इस सीजन में उनका 10वां गोल था। इसके बाद मेजबान एफसी सिनसिनाटी ने हाफ टाइम से ठीक पहले, 44वें मिनट में पैनाल्टी कार्नर पर केविन डेन्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दूसरे हाफ की शुरुआत से ही सिनसिनाटी का प्रदर्शन अच्छा रहा। पावेल बुचा ने 49वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इंटर मियामी पर दबाव बढ़ गया पर मेसी ने 55वें मिनट में, डी पॉल के सटीक पास को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। यह इस सत्र में उनका 11वां गोल था, सिनसिनाटी ने 64वें मिनट में एवांडर के गोल से एक बार फिर 3-2 से बढ़त बना ली। इंटर मियामी ने इसके बाद जबरदस्त हमले करते हुए बचे हुए समय में गोल दागकर स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मियामी की ओर से 84वें मिनट में जर्मन बर्टेराम ने गोल कर स्कोर 4-3 पर पहुंचा दिया।

# थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिंधु और सात्विक-चिराग






बैंकॉक। भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु जीत के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। सिंधु के अलावा पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी जीत के साथ ही क्वार्टर फाइनल की ओर कदम बढ़ाया है।

महिला एकल में सिंधु ने डेनमार्क की शटलर अमाली शुल्ज को केवल 28 मिनट में 21-13, 21-15 से सीधे गेम में हरा दिया। यह इस टूर्नामेंट में सिंधु की लगातार दूसरी जीत थी। अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना मौजूदा विश्व चैंपियन और जापान की शीर्ष खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा। सिंधु का जापानी खिलाड़ी के खिलाफ रिकार्ड 15-13 का है जिससे ये मुकाबला रोमांचक होना तय है।

दूसरी ओर पुरुष युगल में, सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी ब्रायन जेरेमी गूनटिंग और मुहम्मद हाइकल को सीधे गेम में 21-12 और 21-19 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। । अब सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए, सात्विक और चिराग का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी से होगा। इस भारतीय जोड़ी ने पहले मुकाबले में भी इंडोनेशिया के मुह पुत्रा एरविनस्याह और बगास मौलाना के खिलाफ 21-19, 21-23, 21-10 से कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज की थी।वहीं टूर्नामेंट में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। श्रीकांत ने अपने शुरुआती दौर में सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यू को 21-14, 21-15 के सीधे गेम में हराया था। इसके अलावा थॉमस कप में लगी चोट से वापसी कर रहे लक्ष्य सेन ने भी सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 43 मिनट में 21-16, 21-17 से हराकर टूर्नामेंट की जीत के साथ शुरुआत की है। महिला एकल में, देविका ने शुरुआती राउंड में जापान की एन. निदाइरा को हराया था, जबकि विश्व की 50वें नंबर की खिलाड़ी बंसोड़ ने भी झांग बेन यू (13-21, 26-24, 21-13) के खिलाफ एक उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया।केवल अनमोल खार्ब को हार का सामना करना पड़ा। अनमोल को विश्व नंबर 4 चेन यू फेई ने 21-19, 13-21, 18-21 से हराया।

# फीफा विश्व कप के मेगा हाफटाइम शो में नजर आयेंगी मैडोना, बीटीएस और शकीरा

## उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी नोरा फतेही



लॉस एंजेलिस। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मेगा हाफटाइम शो में इस बार पॉप सिंगर मैडोना, पॉप स्टार शकीरा के अलावा दक्षिण कोरिया की बीटीएस भी कार्यक्रम पेश करेगी जबकि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कार्यक्रम पेश करेंगी। इस प्रकार ये विश्वकप दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस विश्वकप में अमेरिकी सुपर बाउल की तरह ही एक मेगा हाफटाइम शो का आयोजन भी किया जाएगा।

फीफा ने हाल ही में एक टीजर वीडियो जारी कर इस मेगा इवेंट की घोषणा की है। इस वीडियो में मशहूर संगीतकार क्रिस मार्टिन और लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर एल्मो के साथ मपेट शो के कई किरदार भी दिखे। जिन्होंने मैडोना, बीटीएस और शकीरा जैसे ग्लोबल आइकॉन के नामों की घोषणा की। इसके बाद से ही सोशल मीडिया में प्रशंसकों में उत्साह है। इस हाफटाइम शो से होने वाली संपूर्ण कमाई फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड को दान की जाएगी। इस नेक पहल का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है। इस फंड के माध्यम से लगभग 100 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लाखों बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यू जर्सी में खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही भी समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगी। नोरा कनाडा के टोरंटो में स्थित बीएमओ फील्ड में 12 जून को होने वाले इस भव्य समारोह में गायन और नृत्य दोनों प्रस्तुत करेंगी। उनके साथ कनाडा के दिग्गज कलाकार माइकल बुबले, अलानिस मोरिसेट और एलेसिया कारा सहित कई बड़े कलाकर भी मंच पर नजर आयेंगे।

# सोफी की कप्तानी में टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट में उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम



मेलबर्न। सोफी मोलिनक्स की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम अगले माह इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्वकप में उतरेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ही युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। अनुभवी तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को भी टीम में बनाये रखा है। इससे टीम को एक अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प मलिगा। हैमिल्टन पिछले साल आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी रही थीं। इस बार वह सात गेंदबाजी विकल्पों में से एक होंगी। वहीं हैरानी की बात ये है कि सीए ने, तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को टीम में जगह नहीं दी है। ।

अनुभवी खिलाड़ियों में एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैकग्राथ, एलिस पेरी और बेथ मूनी शामिल है। सीए के अनुसार टीम को इन खिलाड़ियों के लंबे अनुभव से लाभ मिलेगा। वहीं वेस्टइंडीज दौरे से बाहर रहीं ग्रेस हैरिस की भी टीम में वापसी हुई है। ऑलराउंड एनाबेल सदरलैंड की भी वापसी हुई है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण के लिए जानी जाती है और इस बार भी उसके पास कई अच्छी खिलाड़ी हैं। गेंदबाजी इकाई में कप्तान मोलिनक्स के अलावा मेगन शुट्ट, किम गार्थ, एनाबेल सदरलैंड, मैकग्राथ, पेरी, निकोला कैरी और लूसी हैमिल्टन शामिल हैं। निकोला कैरी के लिए यह 2020 के बाद पहला टी20 विश्व कप होगा। वह तीन साल राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बाद इस साल की शुरुआत में वापसी करने में सफल रही थीं। वहीं 2009 से ही लगातार खेल रही। एलिस पेरी इस संस्करण में अपने 50 टी20 विश्व कप मैच पूरे करेंगी।

वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम के साथ रखा गया है। विल्सन ने मार्च में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण किया था। इस टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के ग्रुप 1 में रखा गया है। इसमें दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड जैसी टीमें हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपेन अभियान की शुरुआत 13 जून को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

टीम- सोफी मोलिनक्स (कप्तान), निकोला कैरी, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, लूसी हैमिल्टन, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम।

# वैभव को सही दिशा नहीं मिली तो वह टी20 में ही रह जाएगा : डिविलियर्स



जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि आईपीएल में धमाकेदार बल्लेबाजी कर रहे वैभव सूर्यवंशी को अगर सही दिशा और मार्गदर्शन नहीं मिला तो वह केवल टी20 क्रिकेटर बनकर ही रह जायेंगे। डिविलियर्स के अनुसार वैभव में काफी क्षमताएं हैं पर आगे बढ़ने के लिए उसे अभी लंबा रास्ता तय करना होगा। वैभव ने इस आईपीएल सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 400 से अधिक रन बनाये हैं। डिविलियर्स ने स्वीकार किया कि वैभव में असाधारण प्रतिभा है पर इसके बाद भी उन्हें लगता है कि वह अन्य प्रारुपों विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में शायद ही टिक पाये। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि वह टिक पाएगा या नहीं। हम जानते हैं कि उसमें प्रतिभा है पर मैं उसे दूसरे प्रारुपों में भी देखना चाहूंगा। टेस्ट क्रिकेट में, उसे पता नहीं चलता कि आप किस चीज के लिए खेलने वाले हैं। डिविलियर्स का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट मानसिक और शारीरिक रूप से बिल्कुल अलग क्षेत्र है, जिसमें सफल होने के लिए एक खिलाड़ी को टी20 वाली मानसिक स्थिति से बाहर आना होता है। अभी 15 साल की उम्र में ही वैभव एक बड़े पोस्टर ब्वॉय बनकर उभरे हैं। इतनी कम उम्र में उन्होंने हर प्रारुप में पेशेवर स्तर पर क्रिकेट खेला है। अपनी लोकप्रियता में वह विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को भी टक्कर दे रहे हैं। इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ भी यूथ क्रिकेट में उन्होंने शतक लगाया है। इसके अलावा, आईपीएल में, जहां उन्होंने 20 से भी कम मैचों में तीन शतक लगाये हैं। वहीं आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 400 से अधिक रन बनाये हैं। डिविलियर्स मानते हैं कि इतनी प्रतिभा होने के बाद भी वैभव के लिए आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा होगा। उन्होंने कहा, अगर वह एकदिवसीय विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में खेलना शुरू करता है, तो वह मानसिक और शारीरिक रुप से खेल का एक बिल्कुल अलग क्षेत्र तलाश कर लेगा।-

# विराट ने पहले रन पर जश्न और शतक पर शांत रहने का कारण बताया



रायपुर । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले में पहले रन पर जोश के साथ जश्न मनाया पर शतक के बाद वह शांत नजर आये। जिससे सभी हैरान हो गये। विराट ने हालांकि विराट ने इसका राज भी बताया।

दरअसल केकेआर के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले, विराट लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट हो चुके थे, जिससे उन पर कुछ दबाव था। ऐसे में, जैसे ही उन्होंने अपना पहला रन बनाते ही वह उत्साहित दिखे। उन्होंने इस रन की खुशी भी मनायी। वहीं जब उन्होंने 60 गेंदों में 105 रनों की तूफानी पारी खेलते हुए अपना शतक पूरा किया तो वह शांत नजर आये। इसको लेकर विराट का कहना था कि उनकी प्राथमिकता टीम को जीत दिलाना और दो महत्वपूर्ण अंक हासिल करना था। वह टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते थे। मैच के बाद, इस अविश्वसनीय प्रदर्शन के लिए विराट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

यह 21वीं बार था जब उन्हें यह सम्मान मिला, जिसके साथ ही उन्होंने मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पुरस्कार स्वीकार करते हुए, विराट कोहली ने अपनी सेलिब्रेशन रणनीति का राज खोला। उन्होंने कहा, शतक का सेलिब्रेशन ज्यादा बड़ा नहीं था, क्योंकि हमें पता है कि इन दो पॉइंट्स का कितना महत्व है।

# विराट ऑरेंज कैप की दौर में तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे




रायपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच हुए मुकाबले के बाद एक बार फिर ऑरेंज और पर्पल कैप दावेदारों में बदलाव आया है। केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर आरसीबी के विराट कोहली एक बार फिर ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में भी आरसीबी के ही भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर पहुंच गये हैं।

विराट ने केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रनों की तेज पारी खेली। यह कोहली के आईपीएल करियर का नौवां शतक था, जिसने उन्हें ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं, गेंदबाजी सूची में सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जिससे पर्पल कैप की दौड़ भी तेज हो गई है। विराट के अब इस सत्र की 12 पारियों में अब तक कुल 484 रन हो गये हैं। उन्होंने यह रन 165.75 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से बनाए हैं, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का दिखाते हैहै। इस पारी ने उन्हें सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरा स्थान दिलाया है, जिससे ऑरेंज कैप जीतने की उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ अब बेहद रोमांचक हो गई है। विराट के आगे अब केवल दो बल्लेबाज सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, जिन्होंने 508 रन बनाए हैं, और गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन, जिनके खाते में 501 रन दर्ज हैं। वहीं चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा 481 रनों के साथ मौजूद हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान केएल राहुल 477 रनों के साथ पांचवें नंबर पर हैं। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल भी 467 रनों के साथ दावेदारों में बने हुए हैं, जिससे आगामी मैच और भी दिलचस्प हो गए हैं। वहीं गेंदबाजी में पर्पल कैप की दौड़ भी रोमांचक हो गयी है। भुवनेश्वर केकेआर के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 22 विकेट लेकर नंबर एक पर पहुंच गये हैं।

